
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

09 फरवरी 2026

Teachers of Bihar
The Change Makers

# आज का सुविचार

अगर आपने सपने देखना छोड़ दिया है

तो समझो आपकी प्रगति रुक गई है।



बाबा आम्टे

( समाजसेवी )

जन्म : 26 दिसम्बर 1914 मृत्यु : 09 फरवरी 2008

राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

9 फरवरी

मधु प्रिया


## लेखक विष्णु खरे का जन्म 9 फरवरी



विष्णु खरे भारतीय कवि, अनुवादक, साहित्यकार, पत्रकार, पठकथा लेखक थे। हिंदी साहित्य के रुप में जीवन चलाने का जो जरिया चुना था उस समय वो उनके लिए नाकाफी रहा। जीवन भर हिंदी साहित्य की सेवा करने वाले इस सख्स की एक अलग ही पहचान है। एक विचारक के रूप में अपनी भूमिका बनाने वाले इस हिंदी साहित्यकार का जन्म सन 9 फ़रवरी सन 1940 में छिंद्वाडा जिले के एक छोटे से गाँव में हुआ था। विष्णु खरे एक मध्यम वर्गीय परिवार के सदस्य थे। इन्हें बाल्यकाल में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ा। खरे जी ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा छिंद्वाडा मध्य प्रदेश में ही पूरी की। 1963 ईसवी में इन्होंने इंदौर के क्रिश्चियन कालेज से अंग्रेजी साहित्य में परस्नातक की उपाधि प्राप्त की। एम. ए. करने के बाद विष्णु खरे ने दैनिक समाचार, इंदौर समाचार में 1962-1963 के मध्य उप संपादक के रूप में अपनी सेवाओं को दिया और यहीं से विष्णु खरे ने पत्रकारिता की दुनिया में अपना कदम रखा।

इसके बाद पत्रकारिता को एक नया आयाम देने के लिए वे और अधिक प्रयास करने लगे। पत्रकारिता के साथ-साथ विष्णु खरे ने अपनी 1963 के मध्य दिल्ली एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय में अध्यापन का कार्य प्रारम्भ कर दिया। अध्यापन कौशल के माध्यम से वे छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने लगे। इसी के चलते खरे जी ने 1966-ईसवी में अपनी लघु पत्रिका ''व्यास'' का संपादन किया। हिंदी साहित्य के प्रति खरे जी का ज्ञान देखकर हिंदी साहित्य अकादमी मंडल ने इन्हें उप सचिव के पद पर नियुक्त किया। हिंदी अकादमी के उपाध्यक्ष, सुप्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार विष्णु खरे का 19 सितंबर 2018 को दोपहर साढ़े तीन बजे दिल्ली में निधन हो गया।

# जयंती विशेष 09 फरवरी




**डॉ॰ मुरलीधर देवीदास आमटे** (26 दिसंबर, 1914 - 9 फरवरी, 2008), जो कि बाबा आमटे के नाम से ख्यात हैं, भारत के प्रमुख व सम्मानित समाजसेवी थे। समाज से परित्यक्त लोगों और कुष्ठ रोगियों के लिये उन्होंने अनेक आश्रमों और समुदायों की स्थापना की। इनमें चन्द्रपुर, महाराष्ट्र स्थित आनंदवन का नाम प्रसिद्ध है।




# अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत कब-कब चैंपियन बना

| साल | Vs | किसकी कप्तानी में |
|---|---|---|
| 2000 | श्रीलंका | मोहम्मद कैफ |
| 2008 | साउथ अफ्रीका | विराट कोहली |
| 2012 | ऑस्ट्रेलिया | उन्मुक्त चंद |
| 2018 | ऑस्ट्रेलिया | पृथ्वी शॉ |
| 2022 | इंग्लैंड | यश धुल |

# अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में हाईएस्ट स्कोर

| खिलाड़ी | रन | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी (IND) | 175 | इंग्लैंड | 2026 |
| उन्मुक्त चंद (IND) | 111* | ऑस्ट्रेलिया | 2012 |
| ब्रेट विलियम्स (AUS) | 108 | पाकिस्तान | 1988 |
| स्टीफन पीटर्स (ENG) | 107 | न्यूजीलैंड | 1998 |
| मनजोत कालरा (IND) | 101* | ऑस्ट्रेलिया | 2018 |
| जेराड बर्क (AUS) | 100* | साउथ अफ्रीका | 2002 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **09.02.2026**


## रचनात्मक सोच

रचनात्मक सोच **(Creative Thinking)** समस्याओं के नवीन, मौलिक और व्यावहारिक समाधान खोजने की एक मानसिक प्रक्रिया है, जो पारंपरिक तरीकों से हटकर "आउट ऑफ द बॉक्स" सोचने पर जोर देती है। यह ज्ञान और कल्पना का उपयोग कर अनूठे विचारों को जन्म देती है, जो हर क्षेत्र में कार्यकुशलता और नवाचार **(innovation)** को बढ़ावा देती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



उज्जैन के महाकाल मंदिर के शिखर पर **नागचंद्रेश्वर मंदिर** बना है। यह दुनिया का एकमात्र **मंदिर** है जो साल में सिर्फ एक दिन, नागपंचमी पर ही खुलता है। मान्यता है कि यहाँ **सर्पराज तक्षक** ने तपस्या की थी और बाकी दिन वे यहीं वास करते हैं।


पद्य पंकज
देखो, आहिस्ता चलो, और भी आहिस्ता जरा
देखना, सोच-सँभल कर जरा पाँव रखना
जोर से बज न उठे पैरों की आवाज कहीं
काँच के ख्वाब हैं बिखरे हुए तन्हाई में
ख्वाब टूटे न कोई, जाग न जाये देखो
जाग जायेगा कोई ख्वाब तो मर जायेगा ।
जुलाहे..
गुलजार साहब
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बाबा आमटे
जन्म -24 दिसम्बर 1914
मृत्यु - 9 फरवरी 2008
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
टी. बालासरस्वती
जन्म- 13 मई 1918
मृत्यु - 9 फरवरी 1984
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
एम.सी.छागला
जन्म-30 सितंबर 1900
मृत्यु- 9 फरवरी 1981
Madhu priya
/teachersofbihar

09 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक देश की महानता, बलिदान और प्रेम उस देश के आदर्शों पर निहित करता है।



- सरोजिनी नायडू

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org